No. of Printed Pages : **6**

**8306**

Register Number | | | | | | |

# Language — Part I — HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours ] [ Maximum Marks : 90

**सूचना :** (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न-पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नज़र आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीली** या **काली** स्याही का उपयोग करें।

**Instructions :** (1) Check the question paper for fairness of printing. If there is any lack of fairness, inform the Hall Supervisor immediately.

(2) Use **Blue** or **Black** ink pen to write and underline.

**भाग - I / PART - I**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **सही** विकल्प चुनकर लिखिए : **14x1=14**

Choose the **correct** answer :

**1.** तुलसीदास के सबसे प्रसिद्ध महाकाव्य का नाम __________ है।

(अ) हनुमान नाटक (आ) रामाज्ञा (इ) विनय-पत्रिका (ई) रामचरितमानस

**2.** जड़मति भी अभ्यास करते-करते __________ हो जाता है।

(अ) चतुर (आ) बेचारा (इ) मन्द (ई) भोला-भाला

**3.** ''रीढ़ की हड्डी' किसकी रचना है ?

(अ) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (आ) जयशंकर प्रसाद

(इ) जगदीशचन्द्र माथुर (ई) प्रेमचन्द

**4.** टालस्टाय फार्म __________ में है।

(अ) भारत (आ) दक्षिण अफ्रिका (इ) एशिया (ई) अमेरिका

[ Turn over

**5.** 'आकाश दीप' कहानी के नायक का नाम __________ है।

(अ) वरुणदेव (आ) बुद्धगुप्त (इ) स्कन्दगुप्त (ई) मणिभद्र

**6.** __________ 'उपन्यास सम्राट' के यश को प्राप्त कर साहित्य क्षेत्र में शासन करते थे।

(अ) बाबू श्यामसुन्दरदास (आ) रामचन्द्र शुक्ल (इ) प्रेमचन्द (ई) वृन्दावनलाल वर्मा

**7.** रमजान के पूरे __________ रोज़ों के बाद ईद आयी।

(अ) चालीस (आ) तीस (इ) दस (ई) बीस

**8.** श्रीमती सत्यवती मल्लिक का जन्म सन् __________ में हुआ था।

(अ) 1910 (आ) 1905 (इ) 1902 (ई) 1906

**9.** किसने गाड़ीवान को ताकीद दी ?

(अ) रज्जब (आ) यात्री (इ) बुंदेला (ई) ठाकुर

**10.** __________ नारी का आभूषण है।

(अ) भय (आ) करुणा (इ) श्रृंगार (ई) वीर

**11.** किसान गाँव __________ रहता है।

(अ) में (आ) को (इ) के (ई) पर

**12.** व्यंजन के साथ व्यंजन या स्वर के मेल को __________ संधि कहते हैं।

(अ) विसर्ग (आ) व्यंजन (इ) वर्ण (ई) स्वर

**13.** 'Scholarship' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द __________ है।

(अ) छात्रवृत्ति (आ) पर्यटन (इ) उपाधि (ई) बीमा

**14.** भो + अन की संधि है :

(अ) भोन (आ) भवन (इ) भान (ई) भावन

## भाग - II / PART - II

### विभाग - 1 / SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **3x2=6**
Answer **any three** of the following :

**15.** मीठी बोली कैसी होती है ?

**16.** मनोविकार का क्या अर्थ है ?

**17.** हमने आज़ादी किस तरह से हासिल की ?

**18.** 'शरणागत' कहानी के लेखक का नाम बताइए।

### विभाग - 2 / SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2x2=4**
Answer **any two** of the following :

**19.** भरत किसको छोड़कर राम का प्यारा बना ?

**20.** गाँधीजी ने आश्रम में क्या नियम बनाकर रखा था ?

**21.** वाक्यों में प्रयोग कीजिए।
(अ) मिसाल (आ) साबित होना

### विभाग - 3 / SECTION - 3

निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7x2=14**
Answer **any seven** of the following :

**22.** सूचना के अनुसार बदलिए :
कल खूब पानी बरसा। (भविष्यतकाल में बदलिए)

**23.** संधि विच्छेद कीजिए :
(अ) निष्कलंक (आ) वनौषधि

**24.** शुद्ध कीजिए :
हम हिन्दी पढ़ना ज़रूर है।

**25.** सूचना के अनुसार बदलिए :
राम अच्छी-तरह पढ़ता है। (संदिग्ध वर्तमानकाल में बदलिए)

**26.** रेखांकित शब्दों का पद परिचय कीजिए।
रमेश पाठ पढ़ता है।

**27.** संधि किसे कहते हैं? उसके कितने भेद हैं?

**28.** बुद्धगुप्त किससे प्यार करता था?

**29.** हामिद किसके साथ रहता था?

**30.** सावित्री के बेटे और बेटी का नाम बताइए।

## भाग - III / PART - III

## विभाग - 1 / SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2x4=8**
Answer **any two** of the following :

**31.** संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

ममता के बादल की मंडराती कोमलता –
भीतर पिराती है
कमज़ोर और अक्षम अब हो गयी है आत्मा यह
छटपटाती छाती को भवितव्यता डराती है
बहलाती सहलाती आत्मीयता बरदाश्त नहीं होती है!!

**32.** माँसाहार रहित आश्रम चलाने में गाँधीजी कैसे सफल हुए?

**33.** अमीना के दु:ख का क्या कारण था?

**34.** पारिभाषिक शब्द लिखिए।

(अ) Boycott (आ) Passport
(इ) Identification (ई) Document

## विभाग - 2 / SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2x4=8**
Answer **any two** of the following :

**35.** श्रृंगार रस की परिभाषा देकर उदाहरण सहित समझाइए।

**36.** निर्मला क्यों बेचैन हो रही थी ?

**37.** **संधि कीजिए :**

(अ) सत् + जन (आ) अनु + अय

(इ) निः + आशा (ई) परम् + आनंद

**38.** निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए।

किसी भी व्यक्ति के लिए खास गुण कई होते हैं। उनमें इन्सानियत सबसे बड़ा और उच्चकोटि का गुण है। यह गुण ऐसे व्यक्ति के लिए बहुत ही अनिवार्य समझा जाता है जो राजनीतिज्ञ हो और देश के उच्च पद पर आसीन हो। श्री जवाहरलाल नेहरूजी विश्वविख्यात नेता और हमारे देश के प्रधान मंत्री थे। यद्यपि वे ऐसे एक उच्च पद पर आसीन थे, फिर भी उनकी इन्सानियत बनी रही। उन्होंने कभी यह ढोंग नहीं रचाया कि वे एक बड़े आदमी हैं और साधारण व्यक्ति उनके सामने टिक नहीं सकता।

## विभाग - 3 / SECTION - 3

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **3x4=12**
Answer **any three** of the following :

**39.** संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :
अर्थ की रमणीयता काव्य कला का प्रधान गुण है और नाद की रमणीयता उसका गौण गुण है।

**40.** कवि काल से अपराजितवासी समझाइए।

**41.** सही मिलान कीजिए।

(अ) शमशेर बहादूर सिंह – सत्याग्रही का बयान

(आ) महादेवी वर्मा – सुनार

(इ) माखनलाल चतुर्वेदी – साहित्य अकादमी पुरस्कार

(ई) उपयोगी कला – दीप शिखा

**42.** हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

Hardwork is a basic quality of human being. Only because of such hardwork, man satisfies all his physical needs. This is the only way to test and develop all his hidden talents. Besides this it is the realway to realize his usefulness as a human being and as a part of the society.

**43.** हिन्दी अध्यापक पद के लिए किसी स्कूल के नाम एक आवेदन पत्र लिखिए।

## भाग - IV / PART - IV

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सविस्तार लिखिए : **3x6=18**

Answer the following in detail :

**44.** (अ) कला के भेदों को सविस्तार समझाइए।

**अथवा**

(आ) 'खेलों का महत्व' - विषय पर एक निबंध लिखिए।

**45.** (अ) गोधूली वेला में कृष्ण के रूप-रंग का कवि कैसे वर्णन करता है?

**अथवा**

(आ) 'सहर्ष स्वीकारा है' - कविता का सारांश लिखिए।

**46.** (अ) 'ईदगाह' कहानी का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) रज्जब और उसकी स्त्री ने रात में मडपुरा गाँव में ठहरने का क्यों निश्चय किया?

## भाग - V / PART - V

कंठस्थ भाग : (**अनिवार्य** प्रश्न) **1x6=6**

Quote from memory : (**Compulsory**)

**47.** कवि वृन्द के कोई तीन दोहे पाठ्यक्रमानुसार लिखिए।

- o 0 o -